## खास-खबर

### महर्षि वैदिक परिवार द्वारा हुआ आत्रेय गुरु का सम्मान



**भोपाल।** महानगर एवं आसपास के क्षेत्र से पधारे समस्त वैदिक ब्राह्मण द्वारा महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ जर्रापुर के प्रधानाचार्य गुरुजी खेमलाल आत्रेय का सिद्धेश्वरी मंदिर भोपाल में आगमन पर भव्य स्वागत एवं गुरु पूजन किया गया। परम पूज्य गुरुजी के आगमन पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत हुआ इसके बाद गुरुजी के पैर पूजन कर  बाद सभी गुरु भाइयों ने आशीर्वाद लिया। गुरु पूजन के मौके पर गुरुजी खेमलाल आत्रेय ने कहा कि जीवन में संघर्ष ही सफलता की सीढी है इसलिए नित्य नए आयोजन करते रहे। उन्होने बताया कि 30 वर्ष वेद और पुरानों के प्रचार प्रसार और 20 वर्ष की आयु से निरंतर महर्षि वेद विज्ञान पीठ में विद्यार्थियों को अध्ययन कराकर जीवन में उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया। गुरुजी के द्वारा दिए गए ज्ञान से हजारो विद्यार्थियों का जीवन बदल गया। कार्यक्रम में भोपाल के समस्त ब्राह्मण संगठन के पदाधिकारी पूज्य संत कटारे बाबा जी, पंडित जितेन्द्र शर्मा सहित बडी संख्या में वैदिक ब्राह्मण शामिल हुए।

### रबी फसलों का उपार्जन आज से

**भोपाल।** रबी विपणन वर्ष 2021-22 में चना, मसूर, सरसों की प्राईस स्पोर्ट स्कीम अंतर्गत उपार्जन सोमवार 22 मार्च से प्रारंभ  होगा। मौसम की स्थिति को देखते हुए 15 मार्च 2021 के स्थान पर 22 मार्च 2021 से उपार्जन कार्य प्रारंभ करने के आदेश जारी किए गए है। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने खाद्य, कृषि, सहकारिता आदि विभागों के अधिकारियों को तद्अनुसार व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

### राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल से परीक्षा कराने के संबंध में निर्देश जारी

**भोपाल।** सत्र 2020-21 में मण्डल की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में आवेदन करने से वंचित विद्यार्थियों हेतु राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल से परीक्षा कराने के संबंध में निर्देश जारी किए गए है। कोविड -19 संक्रमण के कारण सत्र 2020-21 में मण्डल की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में आवेदन करने से वंचित विद्यार्थियों के अध्यापन की निरंतरता बनाये रखने के लिये एक अवसर प्रदान किया जाना है। इस हेतु राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा संचालित रूक जाना नहीं योजना के तहत ऐसे विद्यार्थियों के लिये कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की विशेष परीक्षा आयोजित की जाना है। मण्डल द्वारा सत्र 2020-21 हेतु जारी किये गये ब्लू प्रिंट एवं पाठ्यक्रम को ही रूक जाना नहीं योजना के लिये लागू किया जायेगा । अत: ऐसे विद्यार्थियों को ड्रापआउट होने से रोकने के लिये जून माह में परीक्षा आयोजित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का अनुरोध किया गया है।

### बिजली लाइनों के नीचे होलिका दहन न करने की अपील

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं तथा आम नागरिकों से अपील की है कि बिजली की ऐसी लाइनें जिसमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है, उनके नीचे किसी भी प्रकार की अग्नि प्रज्जवलित करने वाले आयोजन न करें और लाइनों, उपकरणों के नीचे या ट्रांसफार्मर के समीप होलिका दहन नहीं करें क्योंकि यदि लाइनों के नीचे होलिका दहन किया जाता है तो बड़ी दुर्घटना की संभावना सदैव बनी रहती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने सभी ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ताओं से कहा है कि होलिका का आयोजन और होलिका दहन बिजली लाइनों से कुछ हटकर करें, क्योंकि आग की लपटों से एल्यूमिनियम तारों व केबिल के गलने, जलने और टूटने की संभावना सदैव रहती है। इनके टूटने या गिरने से कोई भी बड़ी अप्रत्याशित घटना घट सकती है। अत: सभी बिजली उपभोक्ताओं एवं नागरिक बंधुओ से अपील है कि होलिका दहन बिजली की चालू लाइनों, उपकरणों से दूर करें।

### रोजगार मेला मॉडल आई.टी.आई गोविन्दपुरा में आज

**भोपाल।** जिला रोजगार अधिकारी भोपाल के.एस.मालवीय ने जानकारी दी है कि जिला रोजगार कार्यालय भोपाल के माध्यम से रोजगार मेले का आयोजन 22 मार्च 2021 सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से मॉडल आई.टी.आई गोविन्दपुरा भोपाल में किया जाएगा। श्री मालवीय ने बताया कि रोजगार मेले में पी.एन.बी मेटलाइफ प्रा.लि., मैग्नम बीपीओ प्रा.लि. भोपाल, नवकिसान बायो प्लांटेक भोपाल, मर्सस वैष्णव इंडस्ट्रीज, बी.एबल प्रा. लि.,,जोमेटो, वेलस्पून इंडिया लिमिटेड, एल आई सी भोपाल, आई.सी.आई.सी.आई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, जीवन मोटर्स प्रा. लि., गोविन्दा न्यूट्रिशियन, जय के बायो एग्रीटेक, आदित्य इवेंट, डॉन इन्जीनियर प्रा. लि., ग्रोफास्ट आरगिन डायमंड प्रा. लि., तराशना फाइनेंशियल सर्विसेस सहित विभिन्न कंपनियां शामिल होंगी । इन कंपनियों में मशीन आपरेटर, ट्रेनीजवर्कर, हैल्पर, डिलेवरी बाय, मार्केटिंग एक्जीक्यूटीव, सेल्स एक्जीक्यूटीव,कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव, बीमा सलाहकार, आदि पदों के लिए रोजगार मेले में भाग लिया जा सकता है।

राजधानी में एमपीपीएससी परीक्षा.....

# तीन संक्रमितों के लिए पीपीई किट में, ऑब्जर्वर बने डॉक्टर

भोपाल(काप्र)।

**मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा के सामान्य अध्ययन के पहले पेपर में लॉकडाउन के बीच 95.46 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। रविवार को भोपाल के पांच सेंटरों पर 1652 परीक्षार्थियों में से 1577 ने परीक्षा दी। इनमें तीन कोरोना संक्रमित परीक्षार्थी शामिल थे।**

इनके लिए अलग से बनाए कोविड परीक्षा केंद्र में दो डॉक्टर पीपीई किट पहनकर पर्यवेक्षक बने। इनकी कॉपी को सैनिटाइज कर तीन लेयर में कॉपी पैक की गई। इसके ऊपर लिखा गया कि कोरोना संक्रमित परीक्षार्थियों के द्वारा जमा की गई उत्तरपुस्तिका।

एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा के लिए भोपाल में पांच केन्द्रों पर कोविड प्रावधानों के तहत व्यवस्थाएं की गई थीं। केंद्र में प्रवेश करने के समय सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराने गोले बनाए गए। सभी के लिए मास्क पहनकर आना अनिवार्य था। जिनके पास मास्क नहीं था, उनको सेंटर पर ही मास्क उपलब्ध कराए गए। प्रवेश गेट पर हाथ सैनिटाइजर के प्वाइंट बनाया गए। तापमान की जांच की गई। वहीं, परीक्षा केंद्र में 6 फीट की दूरी पर बच्चों को बैठाने के लिए मेज लगाई गई थी। सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए अलग से कोविड परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इसके अलावा अलग-अलग केन्द्र पर भी कोविड छात्रों के बैठने के लिए व्यवस्था की गई थी। परीक्षा 21 मार्च से 26 मार्च तक होगी। शासकीय सुभाष उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल फॉर एक्सीलेंस शिवाजी नगर में संक्रमितों के लिए कोविड परीक्षा केंद्र अलग से बनाया गया था। यहां रविवार को तीन संक्रमित परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनके लिए दो डॉक्टर पीपीई किट पहनकर पर्यवेक्षक बने। वहीं, मेडिकल इमरजेंसी की जरूरत होने पर एंबुलेंस भी थी।



भोपाल में एक्सीलेंस मॉडल स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षा हुई। कमला नेहरू स्कूल में स्कूल प्रबंधन ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कराया, लेकिन बच्चे मास्क पहने रहे।

**तीन बार कॉपी सैनिटाइज कर की पैक:** तीनों संक्रमितों की उत्तरपुस्तिका को तीन लेयर में सैनिटाइज कर पैक किया गया। इसके लिए कॉपी को पहले सैनिटाइज किया गया। फिर प्लास्टिक के कवर में पैक किया गया। इसके बाद दो बार लगातार सैनिटाइज कर कॉपी को तीन लेयर में पैक किया गया। इनकी कॉपी को नॉन कोविड परीक्षार्थियों की कॉपी से अलग रख कर भेजा गया।

**यह भी सुविधा:** रविवार को लॉकडाउन में परीक्षार्थियों दिक्कत न हो, इसके लिए ख्याल रखा गया। प्रशासन की तरफ से हबीबगंज और भोपाल रेलवे स्टेशन और पांचों बस स्टेशन पर सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था की गई थी। ज्वाइंट कमिश्नर संजू कुमारी ने बताया, सेंटर तक पहुंचने में छात्रों को दिक्कत के संबंध में शिकायत नहीं मिली है।

9 वीं-11वीं और 10वीं-12वीं की परीक्षा की समय सारिणी घोषित

## दसवीं व बारहवीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 12 अप्रैल से

भोपाल (काप्र)।

**मप्र में माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध समस्त स्कूलों में दसवीं व बारहवीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं भी 12 अप्रैल से शुरू हो जाएंगी। लोक शिक्षण संचालनालय( डीपीआइ ) ने सत्र 2020-21 की नौवीं व ग्यारहवीं की वार्षिक और दसवीं व बारहवीं की प्री-बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी घोषित कर दी है।**

जारी टाइमटेबल के अनुसार, दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा के पहले नौवीं व ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा समाप्त हो जाएगी। कक्षा नौवीं व ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं 12 अप्रैल से शुरू होंगी। नौवीं की परीक्षा 27 अप्रैल और ग्यारहवीं की परीक्षा 28 अप्रैल को समाप्त होगी। नौवीं व ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा का समय सुबह आठ से 11 बजे तक रहेगा। वहीं, दसवीं व बारहवीं की प्री-बोर्ड परीक्षा का समय दोपहर 12 से तीन बजे तक रहेगा। खास बात यह है कि दसवीं व बारहवीं की प्री-बोर्ड परीक्षा 27 अप्रैल तक चलेंगी और दो दिन बाद 30 अप्रैल से 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा जाएगा। किसी को भी मास्क के बगैर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर सैनिटाइजर इत्यादि की भी समुचित व्यवस्था रहेगी। परीक्षा कक्षों में बैठक व्यवस्था के दौरान सुरक्षित शारीरिक दूरी का भी ख्याल रखा जाएगा। उधर, मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की सत्र 2020-21 की दसवीं-बारहवीं परीक्षा में आवेदन जमा नहीं करने वाले को राज्य ओपन स्कूल बोर्ड द्वारा मौका दिया जा रहा है। डीपीआइ ने आदेश जारी किया है कि दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में आवेदन से वंचित विद्यार्थियों की निरंतरता बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को एक और अवसर दिया जा रहा है। इसके लिए च्रुक जाना नहींज् योजना के तहत दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए जून में विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मंडल के जारी किए गए नए ब्लू प्रिंट के आधार पर होगी। इस बारे में डीपीआई आयुक्त् जयश्री कियावत का कहना है कि 9वीं व 11वीं की वार्षिक और 10वीं व 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा 12 अप्रैल से शुरू होंगी। ये परीक्षाएं ऑफलाइन ली जाएंगी।

## निगम आयुक्त ने भानपुर खंती एवं अनेक नालों का किया निरीक्षण

बेहतर साफ-सफाई निरंतर बनाए रखने के दिए निर्देश

भोपाल(काप्र)।

**निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित नालों एवं भानपुर खंती का निरीक्षण कर शहर के नालों एवं उसके आसपास की और अधिक बेहतर ढंग से साफ-सफाई कर नालों में सफाई निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए।**



इसके साथ ही भानपुर खंती के हरित क्षेत्र में परिवर्तित करने संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की और कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर आयुक्त एम.पी.सिंह भी मौजूद थे। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने रविवार को भानपुर खंती एवं शहर के अनेक नालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने भानपुर खंती में हरित क्षेत्र विकसित करने हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने विभिन्न नालों का भी निरीक्षण किया और नालों की साफ-सफाई आदि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त करते हुए सभी नालों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में बेहतर ढंग से साफ-सफाई करने और सभी नालों में साफ-सफाई निरंतर बनाए रखने एवं नालों के बहाव को भी व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि ए.एच.ओ. अपने क्षेत्र के नालों की भी सतत् रूप से निगरानी करे और सफाई बरकरार रखे।

## बदमाश ने घर में घुसकर की महिला से छेड़छाड़ पुलिस से झूमा झटकी कर वर्दी फाड़ी

भोपाल(काप्र)।

**राजधानी के अशोका गार्डन थाना इलाके में एक बेख़ौफ़ बदमाश ने पहले तो घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दी। पीड़िता ने डायल -100 पर फोन कर पुलिस को बुलाया।**

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी के साथ बदमाश ने धक्कामुक्की करते हुए आरक्षक की वर्दी फाड़ दी और उसे जमीन पर गिरा दिया। बाद में और पुलिसकर्मियों को बुलाकर बदमाश पर काबू पाते हुए उसे दबोच लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ व शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज करआरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 44 वर्षीय महिला अशोक गार्डन इलाके में रहती है। उसके पति प्राइवेट नौकरी करते हैं और उनकी अक्सर ही नाइट ड्यूटी रहती है। बीती सुबह महिला अपने बच्चों के साथ घर में थी। इसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाला मोहन अग्रवाल नाम का मनचला महिला के घर में ज़बरदस्ती घुस गया। घर में घुसकर आरुई महिला के साथ अश्लील छेड़खानी करने लगा। महिला ने छेड़छाड़ का करते हुए शोर मचाया, साथ ही मदद के लिए डॉयल 100 को फोन कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, इस समय भी बदमाश महिला को परेशान कर रहा था। एफआरवी में तैनात आरक्षक फईम उद्दीन ने बदमाश मोहन अग्रवाल को रोकते हुए उसे घर से बाहर निकालने की कोशिश करने लगे। लेकिन बदमाश ने आरक्षक से ही झूमा झटकी करते हुए आरक्षक की वर्दी फाड़ दी। इसके बाद उसने आरक्षक को जमीन पर पटकर उसके साथ मारपीट की कोशिश भी की। बदमाश की बढ़ती हुई हरकतों को देखकर आरक्षक ने फोन कर दो अन्य पुलिसकर्मियों को मौके पर बुलाया लिया। बाद में तीनों पुलिसकर्मियों ने बदमाश पर काबू करते हुए उसे दबोच लिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और आरक्षक की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का बोझ दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मोहन अग्रवाल के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं और वह जेल की हवा खा चुकी है।

### पत्नी के फोटो अश्लील कमेंटस करने वाले पति पर मामला दर्ज

राजधानी के कोलार थाना इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने पति के खिलाफ फेसबुक पर अश्लील कमेंट्स करने का मामला दर्ज कराया है। बताया गया है कि आरोपी पति ने पीड़िता के एक फोटो पर आपत्तिजनक कमेंट्स किया था। पुलिस का कहना है, मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच के बाद आरोपी प ति गिरफ्तारी नहीं की जाएगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 33 वर्षीय महिला ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वो कोलार स्थित एक कॉलोनी में रहती है, और गृहणी है। उसका पति गौरव सिंह प्रायवेट नोकरी करता है, और पत्नी से अलग रह रहा है।

## विधायक निधि से बनाया जा रहा है स्वागत द्वारः शर्मा

भोपाल(काप्र)।

**पूर्व मंत्री एवं विधायक पीसी शर्मा का शनिवार को वार्ड क्रमांक 26 सूरज नगर, भदभदा रोड पर प्रस्तावित स्वागत द्वार के भूमि पूजन पर पूर्व पार्षद एवं उनके समर्थकों द्वारा किए गए अनुचित व्यवहार पर कहना है कि क्षेत्रीय रहवासियों के अनुरोध पर उनके द्वारा स्वागत द्वार निर्माण के लिए 3 लाख रुपये की राशि अनुशंसित की गई।**

जिसे भोपाल कलेक्टर द्वारा शासकीय निर्माण एजेंसी आयुक्त नगर निगम भोपाल को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विधायक निधि के माध्यम से कार्य करने हेतु प्रदाय की गई। उसी तारतम्य में वे दिनांक 20/03/2021 को समय 5:00 बजे भूमि पूजन करने स्थल पर पहुंचे तभी वहां पर पूर्व पार्षद अपने समर्थकों के साथ आए और  कहने लगे की गेट निर्माण कार्य का वर्ष 2016 में उनकी पार्षद निधि से स्वीकृत हुआ था इसलिए इसका भूमि पूजन नही कर सकते। पूर्व पार्षद ने अपने साथियों के साथ भूमि  पूजन स्थल पर विवादास्पद स्थिति उत्पन्न करने का प्रयास किया। इसका कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उचित जबाव दिया।

यह कार्य विधायक निधि से स्वीकृत है एवं स्वीकृत संबंधी दस्तावेज भी पत्र के साथ संलग्न है। लेकिन पूर्व पार्षद भूमि पूजन का विरोध कर रहवासियों को भ्रमक जानकारी दे रहे थे। पूर्व पार्षद को 5 साल बाद इस कार्य की याद आ रही है यह समझ से परे है। इतने वर्षों में कोई भी स्वीकृति अपने आप लेप्स हो जाती है। विधायक पीसी शर्मा ने क्षेत्रीय रहवासियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विधिवत सूरज नगर स्वागत गेट का भूमि पूजन किया और उन्होने कहा कि इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा। श्री शर्मा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की शिकायत रातीबड पुलिस थाना में पत्र लिखकर भी की है।

खास खबर | भाजपा सरकार ने गरीबों को लौटाया उनका हक, जनता तक यह बात पहुंचाएगी पार्टी : शर्मा

# सरकार की उपलब्धियां जनता को बताने पंचायत स्तर तक होंगे कार्यक्रम

भोपाल(काप्र)।

**प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बने एक साल पूरा हो रहा है। इस एक साल की अवधि में कोरोना की विषम परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश सरकार ने गरीबों, किसानों और मजदूरों के कल्याण के लिए भरसक प्रयास किए हैं।**



कमलनाथ सरकार जहां लोगों की छोटी-छोटी जरूरतों को पैसे न होने की बात कहकर टाल देती थी, वहीं शिवराज सरकार ने खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद किसानों, मजदूरों के खातों में 1.18 लाख करोड़ की राशि डाली है। भाजपा सरकार ने बीते एक वर्ष में गरीबों को उनका हक लौटाया है, जिसे कमलनाथ सरकार ने योजनाएं बंद करके छीन लिया था। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर 'सेवा का संस्कार, विकास की रफ्तार, अभिनंदन भाजपा सरकार' थीम पर प्रदेश भर में 22 से 25 मार्च तक कार्यक्रम आयोजित करेगी और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी प्रदेश की जनता को देगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। श्री शर्मा ने कहा कि सत्ता में आते ही कमलनाथ सरकार ने वैचारिक आक्रमण शुरू कर दिए थे। उस सरकार ने आते ही वल्लभ भवन में प्रत्येक माह की पहली तारीख को गाया जाने वाला वंदेमातरम् गान बंद करवा दिया। श्रद्धा और आस्था के केंद्र मीसाबंदियों की सम्माननिधि को बंद कर दिया। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता दिग्विजयसिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं पर प्रतिबंध लगाने की बात करते थे और उन्हीं के रास्ते पर चलते हुए कमलनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय से सुरक्षा हटा दी। कमलनाथ सरकार ने दिग्विजयसिंह के इशारे पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लाद दिये गए। भूमाफिया के नाम पर पार्टी कार्यकर्ताओं को परेशान किया जाने लगा। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों से झूठ बोलकर,  छल-कपट करके मध्यप्रदेश में जो सरकार बनाई थी, वो भ्रष्टाचार और आपसी खींचतान के कारण चली गई। कैबिनेट के निर्णय दिग्विजयसिंह के इशारे पर लिए जाते थे, जो लोकतंत्र पर प्रहार जैसा था। खुद सरकार के मंत्रियों ने कई बार यह बात कही। कमलनाथ ने प्रदेश की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया।  प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 लाख 43 हजार घर मेचिंग ग्रांट न होने का बहाना बनाकर लौटा दिये। लेकिन जब उन्हीं कमलनाथ के पीए के घर पर आयकर का छापा पड़ा, तो 283 करोड़ रूपए मिले। कमलनाथ के पास भ्रष्टाचार करने से लेकर आइफा अवार्ड तक के लिए पैसा था,  लेकिन गरीब जनता के कल्याण के लिए पैसा नहीं था।